<u>नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की 32वीं बैठक सम्पन्न ।</u>

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार में दिनांक 23.06.2017 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की 32वीं छमाही बैठक श्री एल.एन.मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इनके अलावा श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक(प्रबंधन प्रशि. संस्थान/राजभाषा/मासंवि),एमसीएल/ सदस्य सचिव,नराकास,संबलपुर, डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा,हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना,संबलपुर तथा नगर राजभाषा कार्यान्यिन समिति, संबलपुर के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं प्रतिनिधिगण बैठक में उपस्थित हुए।

बैठक के प्रारंभ में श्री त्रिपाठी द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया, साथ ही केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में राजभाषा नीति,नियमों एवं अधिनियम का अनुपालन लक्ष्य के अनुरूप करने हेतु अनुरोध किया गया एवं इस हेतु कार्यालय प्रमुखों के सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई।

अध्यक्ष महोदय ने सदस्य कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में हो रही प्रगति पर संतोष जाहिर करते हुए राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में तन मन से सहयोग करने की सलाह दी। भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन करना हमारा संवैधानिक दायित्व है। सभी सदस्य कार्यालयों द्वारा इसका शत-प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। आगे उन्होंने कार्यालयों के मध्य किए जानेवाले पत्राचार/विचार-विमर्श हेतु इलेक्ट्रोनिक माध्यमों यथा ई-मेल,व्हाट्स-एप इत्यादि के प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

बैठक के दौरान समिति की हिंदी गृह पत्रिका ‘संबलप्रभा’ के पंचम अंक का विमोचन अध्यक्ष महोदय द्वारा किया गया। तत्पश्चात गत छमाही के दौरान विभिन्न सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अध्यक्ष महोदय के कर-कमलों से पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा,हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना,संबलपुर मे नगर राजभाषा कार्यान्यिन समिति, संबलपुर के सदस्य कार्यालयों में चलाए जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

अंत में श्री बी.आर. साहु कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/ राजभाषा),एमसीएल मुख्यालय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किए जाने के साथ ही बैठक के समाप्ति की घोषणा की गई।


एन. एन. मिश्रा

वी.सी.त्रिपाठी

एन. एन. मिश्रा